हिन्दी दैनिक

RNI- BIHHIN/2012/43368

# नव शक्ति

www.navshaktinews.in

navshakti newspaper patna

वर्ष : 13, अंक : 123 | पटना, बुधवार, 19 जून, 2024 | पृष्ठ : 8, मूल्य : दो रुपये

## संपादकीय

### भारतीय रेलों की कार्यशैली और रख-रखाव प्रश्न चिन्ह लगाती जिसके दुर्घटनाएं प्रमाण हैं

जे पी चौधरी



भारतीय रेलवे एशिया का दूसरा सबसे बड़ा रेल नैटवर्क है। सार्वजनिक परिवहन होने के नाते इसके सस्ता और सुरक्षित होने की अपेक्षा की जाती है परंतु लगातार किराए बढ़ाने के बावजूद सुविधाओं और सुरक्षा के मामले में अक्सर रेलवे में लापरवाही के मामले सामने आते रहते हैं। पिछले एक वर्ष में देश में दर्जनों रेल दुर्घटनाएं हो चुकी हैं जिनमें 330 के लगभग यात्रियों की मौत तथा 1500 के लगभग घायल हुए हैं। यहां प्रस्तुत हैं पिछले एक वर्ष के दौरान हुई चंद बड़ी रेल दुर्घटनाएं : ओडिशा के बालासोर में चेन्नई से हावड़ा जा रही कोरोमंडल एक्सप्रेस के एक मालगाड़ी तथा एक अन्य यात्री गाड़ी से टकरा जाने से 296 लोगों की मौत व 1200 से अधिक लोग घायल हो गए। को नई दिल्ली से कामाख्या जा रही नार्थ एक्सप्रेस के बक्सर स्टेशन के निकट दुर्घटनाग्रस्त होने से 4 लोगों की मौत हो गई। आंध्र प्रदेश में विजयनगरम जिले के कंटाकापल्ली में रायगढ़ा पैसेंजर ट्रेन ने पीछे से आकर विशाखापत्तनम पलासा ट्रेन को टक्कर मार दी, जिससे 14 यात्रियों की मौत व 50 यात्री घायल हो गए। आज 17 जून, 2024 को सुबह के समय पश्चिम बंगाल के सियालदह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस को दार्जीलिंग जिले में एक मालगाड़ी द्वारा पीछे से टक्कर मार देने से मालगाड़ी के पायलट तथा सह-पायलट सहित 15 लोगों की मौत तथा 60 घायल हो गए। रेलवे के सूत्रों के अनुसार रानीपात्रा रेलवे स्टेशन तथा छत्तरहाट जंक्शन के बीच आटोमैटिक सिग्नक्कूषलग सिस्टम सुबह 5.50 बजे से ही खराब था। रेल मंत्रालय करोड़ों रुपए खर्च करके रेलवे स्टेशनों के नवीकरण तथा तेज रफ्तार गाडियां चलाने पर तो जोर दे रहा है, परंतु रेलवे में सुरक्षित परिचालन के लिए जरूरी रिक्त पद भरने की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। जून, 2023 तक रेलवे में ग्रुप सी में सेफ्टी कैटेगरी के 1.7 लाख पदों सहित 2,74,580 पद खाली थे जिस कारण स्टाफ को ओवरटाइम काम करना पड़ रहा है तथा रेल दुर्घटनाओं का एक कारण परिचालन स्टाफ की थकान और नजर का कमजोर होना भी शामिल है। लोको पायलटों की नजर काफी दूर तक स्पष्ट्द देखने में सक्षम होनी चाहिए परंतु कई मामलों में वे अधिक दूर तक स्पष्ट्द नहीं देख पाते। फिटनैस सर्टीफिकेट लेने के लिए कथित रूप से रिश्वत का सहारा लिया जाता है। एक ओर विश्व के विकासशील देशों के साथ कदम से कदम मिलाकर भारतीय रेल मंत्रालय नई तेज रफ्तार गाडि ?ां चला रहा है तो दूसरी ओर प्रश्न चिन्ह लगाती उक्त रेल दुर्घटनाएं प्रमाण हैं कि भारतीय रेलें किस कदर दुर्घटनाओं के जोखिम पर हैं। ऐसी स्थिति पैदा न हो, इसके लिए भारतीय रेलों की कार्यशैली और रख-रखाव में तुरंत बहुआयामी सुधार लाने तथा रेलगाडियों के परिचालन जैसी महत्वपूर्ण ड्यूटी पर तैनात होने के बावजूद लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई करने की जरूरत है।

# मां गंगा ने मुझे गोद ले लिया, मैं यहीं का हो गया हूं: पीएम मोदी

## पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त बटन दबाकर जारी किया

**वाराणसी।** नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सांसद चुने जाने के बाद पहली बार मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। मेंहदीपुर में आयोजित किसान रैली में मोदी ने पूर्व की भांति बनारसी अंदाज में कहा, चुनाव जीतने के बाद हम पहली बार आज बनारस आयल हई। काशी के जनता के हमार प्रणाम. काशी के लोगों की वजह से में धन्य हो गया. सूर्य देवता भी थोडा ठंडक बरसाने लग गया। मां गंगा देवी जैसे मुझे गोद ले लिया है, मैं यही का हो गया हूं.

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि अपने किसान भाई-बहनों का जीवन आसान बनाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है. इस मौके पर उन्होंने काशी की पवित्र भूमि से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त बटन दबाकर जारी करते हुए कहा कि मझे गर्व की अनुभूति हो रही है. इससे 9.26 करोड़ से अधधिक किसानों को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिलेगा. इसके अलावा प्रधानमंत्री कृषि सखियों के रूप में प्रशिक्षित 30,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों को कृषि सखी के रूप में प्रमाण पत्र भी वितरित किए. पीएम ने कहा कि हमने आशा कार्यकर्ता के रूप में बहनों का काम देखा। डिजिटल इंडिया बनाने में बहनों की भूमिका अच्छी है। अब हम कृषि सखी के रूप में खेती को नई ताकत मिलते हुए देखेंगे। अभी 12 राज्यों में यह योजना शुरू हुई है। आने वाले समय में पूरे देश में हजारों समूह को इससे जोड़ा जाएगा। यह अभियान तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने में भी मदद करेगा और राज्य सरकार को मौका मिला पूरे समर्पण भाव से काम किया है।

पीएम मोदी ने कहा, आपके सपनों को, आपके संकल्पों को पूरा करने के लिए मैं दिन-रात मेहनत करूंगा. मैंने किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों को विकसित भारत का मजबूत स्तंभ माना है। सरकार बनी तो पहला फैसला किसानों और गरीब परिवारों से जुड़ा हुआ था. चाहे देशभर में गरीब परिवारों के लिए 3 करोड़ नए घर बनाने की बात हो या पीएम किसान सम्मान निधि को आगे बढ़ाने की बात हो, आज के कार्यक्रम से करोड़ों लोगों को मदद मिलेगी। विकसित भारत की इस राह को भी मजबूत करने जा रहा है. पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, हमारी काशी संस्कृति की राजधानी रही है. हमारी काशी ज्ञान की राजधानी रही है. हमारी काशी सर्वविद्या की राजधानी रही है, लेकिन इन सबके साथ-साथ काशी एक ऐसी नगरी बनी है, जिसने सारी दुनिया को ये दिखाया है कि हेरिटेज सिटी भी अर्बन डेवलमेंट का नया अध्याय लिख सकती है. विकास भी और विरासत का मंत्र भी काशी में हर जगह दिखाई दे रहा है.



पीएम मोदी ने कहा कि हमने किसान, नौजवान, नारी शक्ति और गरीब इन्हें विकसित भारत का मजबूत स्तंभ माना है। अपने तीसरे कार्यकाल की शुरूआत मैंने इन्हीं के सशक्तिकरण से की है। सरकार बनते ही सबसे पहला फैसला किसान और गरीब परिवारों से जुड़ा लिया गया है। देश भर में गरीब परिवारों के लिए तीन करोड़ नए घर बनाने हों या फिर पीएम किसान सम्मान निधि को आगे बढ़ाना हो, यह फैसले करोड़ों लोगों की मदद करेंगे। आज का ये कार्यक्रम भी विकसित भारत के इसी रास्ते को सशक्त करने वाला है। थोड़ी देर पहले ही देश भर के करोड़ों किसानों के बैंक खाते में पीएम किसान सम्मान निधि के 20 हजार करोड़ रुपए पहुंचे हैं। आज तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने की तरफ भी बहुत बड़ा कदम उठाया गया है। कृषि सखी के रूप में बहनों की नई भूमिका उन्हें सम्मान और आय के नए साधन दोनों सुनिश्चित करेगी। पीएम किसान सम्मान निधि आज दुनिया की सबसे बड़ी डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर स्कीम बन चुकी है। अभी तक देश के करोड़ों किसान परिवारों के बैंक खाते में सवा तीन लाख करोड़ रुपए जमा हो चुके हैं। यहां वाराणसी जिले के किसानों के खाते में 700 करोड़ रुपए जमा हुए हैं। मुझे खुशी है कि पीएम किसान सम्मान निधि में सही लाभार्थी को लाभ पहुंचाने के लिए टेक्नोलॉजी का बेहतर इस्तेमाल हुआ है। कुछ महीने पहले ही विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान भी एक करोड़ से अधिक किसान इस योजना से जुड़े हैं। सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ पाने के लिए कई नियमों को भी सरल किया है। जब सही नीयत होती है, सेवा की भावना होती है तो ऐसे ही तेजी से किसान हित और जनहित का काम होता है।

पीएम ने कहा कि किसान आत्मनिर्भर बन रहा है और कृषि निर्यात में अग्रणी बना है। अब देखिए बनारस का लंगड़ा आम, जौनपुर की मूली, गाजीपुर की भिंडी। ऐसे अनेक उत्पाद आज विदेशी मार्केट में पहुंच रहे हैं। वन जिला वन प्रोडक्ट और जिला स्तर पर एक्सपोर्ट हब बनने से एक्सपर्ट बढ़ रहा है और उत्पादन भी एक्सपोर्ट क्वालिटी का होने लगा। अब हमें ग्लोबल मार्केट में देश को नई ऊंचाई पर ले जाना और मेरा तो सपना है कि दुनिया की हर डाइनिंग टेबल पर भारत का कोई ना कोई खजाना डिफेक्ट वाले मंत्र को बढ़ावा देना। मोटे अनाज श्री अन्य का उत्पादन हो, औषधीय गुण वाली फसल हो या फिर प्राकृतिक खेती की तरफ बढ़ना। पीएम किसान समृद्धि के माध्यम से किसानों के लिए एक बड़ा सपोर्ट सिस्टम विकसित किया जा रहा है। यहां इतनी बड़ी संख्या में हमारी माताएं उपस्थित हैं, इनके बिना खेती की कल्पना भी नहीं संभव है। इसलिए अब खेती को नई दिशा देने में भी माता बहनों की भूमिका का विस्तार किया जा रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि आज दुनिया की सबसे बड़ी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर स्कीम बन चुका है। अभी तक देश के करोड़ों किसान परिवारों की बैंक खाते में 3:15 लाख करोड़ रुपये जमा हो चुके हैं। यहां वाराणसी जिले के किसानों के खाते में भी 700 करोड़ रुपये जमा हुए। मुझे खुशी है कि पीएम किसान सम्मान निधि में सभी लाभार्थी तक लाभ पहुंचाने के लिए टेक्नोलॉजी का बेहतर इस्तेमाल हुआ है। कुछ महीने पहले ही भारत संकल्प यात्रा के दौरान भी एक करोड़ से अधिक किसान इस योजना से जुड़े। पीएम मोदी ने काशी की जनता का आभार जताते हुए कहा कि आपका आभारी हूं, आपका ऋणी हूं। इस चुनाव में देश के लोगों ने जो जनादेश दिया है वो वाकई अभूतपूर्व है। इस चुनाव ने एक नया इतिहास रचा है। दुनिया के लोकतांत्रिक देशों में ऐसा बहुत कम ही देखा गया है कि कोई चुनी हुई सरकार लगातार तीसरी बार वापसी करे।

## पटना एयरपोर्ट पर बम की धमकी वाला ईमेल भेजा गया, परिसर की सुरक्षा बढ़ाई गई

**पटना।** बिहार के पटना एयरपोर्ट पर मंगलवार को बम की धमकी वाला ईमेल मिला, जिससे कुछ समय के लिए हड़कंप मच गया। पटना एयरपोर्ट के निदेशक के अनुसार, घटना के बाद पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जानकारी के अनुसार, आज दोपहर करीब 1:10 बजे पटना एयरपोर्ट के निदेशक को एक धमकी भरा ईमेल मिला, जिस पर एयरपोर्ट अधिकारियों ने तत्काल प्रतिक्रिया दी। इस गंभीर सुरक्षा खतरे को देखते हुए पटना एयरपोर्ट पर सुरक्षा उपायों को काफी बढ़ा दिया गया है। इस बीच, जयपुर एयरपोर्ट पर भी मंगलवार को बम की धमकी मिली, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने संयुक्त रूप से गहन जांच की।

एयरपोर्ट प्रबंधन को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिलने के बाद पुलिस और सीआईएसएफ ने परिसर की तलाशी ली। पुलिस ने कहा, ₹एयरपोर्ट की गहन जांच की गई, लेकिन अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि आज ही चेन्नई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से 286 यात्रियों को लेकर दुबई जाने वाली फ्लाइट के प्रस्थान में बम की झूठी धमकी के कारण देरी हुई। उन्होंने बताया कि विमान में बम होने की चेतावनी देने वाला एक ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने मंगलवार सुबह करीब 10.30 बजे उड़ान भरने वाले अंतरराष्ट्रीय विमान की गहन जांच की। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि धमकी झूठी थी और विमान को गंतव्य के लिए रवाना होने की अनुमति दे दी गई।

## पुंछ में आतंकी और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़, चप्पा-चप्पा छानने में जुटी सेना

पुंछ। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के सुरनकोट में मंगलवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी हुई। कई दिनों से चल रहे तलाशी अभियान के दौरान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) पर भारी गोलीबारी हुई। सेना और पुलिस जवानों द्वारा खोजी अभियान चल रहा है। यह हमला केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा क्षेत्र में आतंकवादी हमलों के बीच जम्मू में क्षेत्र प्रभुत्व योजना और शून्य आतंक योजना को लागू करने के लिए सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश देने के कुछ दिनों बाद हुआ है।अधिकारियों ने कहा कि सोमवार को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान ने जम्मू और उधमपुर इलाकों में सुरक्षा स्थिति और क्षेत्र में सुरक्षा बलों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। उन्हें उत्तरी सेना कमांडर और जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) सहित सेना के शीर्ष कमांडरों ने जानकारी दी। पिछले सप्ताह रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार आतंकवादी हमले हुए जिनमें एक सीआरपीएफ और दो आतंकवादियों सहित 10 लोग मारे गए और 50 अन्य घायल हो गए।9 जून को, आतंकवादियों ने तीर्थयात्रियों को ले जा रही 53 सीटों वाली बस पर उस समय गोलीबारी की, जब वह शिव खोरी मंदिर से कटरा में माता वैष्णो देवी मंदिर जा रही थी। 11 जून की रात को, राष्ट्रीय राइफल्स के पांच सैनिक और एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) घायल हो गए थे।

## रेलवे पूरी तरह लावारिस, केंद्र की दिलचस्पी केवल केवल किराया बढ़ाने में है : ममता बनर्जी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को रेलवे को पूरी तरह लावारिस करार देते हुए दावा किया केंद्र की दिलचस्पी केवल किराया बढ़ाने में है, यात्री सुविधाओं में सुधार करने में नहीं है। बनर्जी रंगापानी के पास ट्रेन दुर्घटना के बाद स्थिति का जायजा लेने के लिए सिलीगुड़ी जाते समय कोलकाता हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बात कर रही थीं। इस दुर्घटना में कई यात्रियों की मौत हो गई। उन्होंने दावा किया, रेलवे पूरी तरह से लावारिस हो गया है। हालांकि, मंत्रालय है, लेकिन पुराना वैभव गायब है। केवल सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, लेकिन उन्हें यात्री सुविधाओं की परवाह नहीं है। वे केवल किराए में बढ़ोतरी में दिलचस्पी ले रहे हैं। उन्होंने कहा, आप उन्हें केवल बड़ी-बड़ी बातें करते देखेंगे। वे रेलवे अधिकारियों, तकनीकी, संरक्षा और सुरक्षा विभाग के कर्मियों का भी ख्याल नहीं रखते हैं। मैं रेलवे कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ हूं। उन्होंने रेल मंत्रालय की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वह टक्कर-रोधी प्रणाली को ठीक से लागू नहीं कर रहा है ताकि ऐसी दुर्घटनाओं के प्रभाव को कम किया जा सके। उन्होंने कहा, यह हादसा और भी बुरा हो सकता था। 70-80 लोग घायल हैं और करीब 20 की हालत गंभीर है।

जब एक ट्रेन दूसरी ट्रेन से टकराती है, तो यह अनुमान लगाना मुश्किल हो जाता है कि कितने लोग घायल हुए हैं। बनर्जी ने कोलकाता से सिलीगुड़ी के लिए विमान का टिकट न मिल पाने पर भी नाराजगी व्यक्त की और कहा कि वह बहुत पहले यात्रा करना चाहती थीं।

# बिना काम किए झूठा श्रेय लेने के लिए व्याकुल है विपक्षः उमेश सिंह कुशवाहा

**पटना,( संवाददाता)।** प्रदेश कार्यालय, पटना में बिहार जनता दल (यू0) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा और बिहार सरकार के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चैधरी ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस मौके पर पार्टी के विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सह विधानपार्षद नीरज कुमार, विधानपार्षद सह कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, विधायक विनय कुमार चैधरी, प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक झा एवं प्रो0 नवीन आर्या मौजूद रहें।

संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार सिर्फ काम में विश्वास रखते हैं लेकिन विपक्षी पार्टियां बेगैर किसी काम के झूठा श्रेय लेने के लिए व्याकुल रहती है।

नीतीश सरकार द्वारा वर्ष 2020 में सात निश्चय पार्ट-2 के तहत 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख रोजगार देने का वादा किया गया था। आज हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सरकारी नौकरी देने के मामलें में हमारी सरकार 12 लाख के आँकड़े तक पहुँचने वाली है और रोजगार के क्षेत्र में यह आंकड़ा लगभग 22 लाख तक जाएगा यानी किए गए वादे से भी दोगुना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीमित संसाधनों के बावजूद भी बिहार की प्रगति को नई गति दी है।

नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी तब हमनें सात निश्चय पार्ट-2 के तहत अपने तय कार्यकर्मों की रूपरेखा जनता के सामने रखी थी। खासतौर पर युवाओं से जुड़े समस्याओं पर



हमारी सरकार ने विशेष जोड़ दिया था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सात निश्चय पार्ट-2 के तहत अब तक 5 लाख 16 हजार से अधिक सरकारी नौकरियां दी गई है, 1 लाख 99 हजार पदों के लिए नियुक्ति की तमाम प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी है अब सिर्फ नियुक्ति पत्र वितरण होना बाकी है, सरकार द्वारा विभिन्न आयोगो को 2 लाख 11 हजार नए नियुक्ति की अधियाचना भेजी जा चुकी है, इसके आलवे हमारी सरकार अगले 1 वर्ष में लगभग 3 लाख पदों पर नियुक्ति करेगी। बिहार की जनता से हमनें जो वादे किए थे उसे ससमय पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है और हमारी सरकार के ईमानदार प्रयासों का नतीजा है कि हमनें तय लक्ष्य से बेहतर परिणाम हासिल किए हैं।

## हरियाणा में अगली सरकार बनाएगी कांग्रेस, भूपिंदर सिंह हुड्डा का दावा

**हरियाणा।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा ने मंगलवार को कहा कि सबसे पुरानी पार्टी अगले विधानसभा चुनाव के लिए तैयार है और वह राज्य में अगली सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा, "लोकसभा चुनाव में जो प्रतिक्रिया मिली है और हरियाणा में हमें जो वोट शेयर मिला है, उसके आधार पर मैं कह सकता हूं कि हम भारी बहुमत के साथ हरियाणा में सरकार बनाने जा रहे हैं।" पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 36 बिरादरी ने मन बना लिया है कि कांग्रेस सरकार बनाने जा रही है। हुड्डा ने यह भी दोहराया कि राज्य में कोई गठबंधन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि गठबंधन राष्ट्रीय चुनावों के लिए था, लेकिन विधानसभा चुनाव के लिए ऐसा कोई गठबंधन नहीं है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन किया था। सबसे पुरानी पार्टी ने अपने द्वारा लड़ी गई 9 सीटों में से 5 पर जीत हासिल की, जबकि सभी 10 सीटें जीतने वाली भाजपा केवल 5 सीटें ही जीत सकी। भगवा पार्टी का वोट शेयर लगभग 12 प्रतिशत गिर गया, जबकि कांग्रेस के वोट शेयर में 15 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की रणनीति पर चर्चा के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने सोमवार को बैठक की। दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा की अध्यक्षता में हुई बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, मनोहर लाल खट्टर और कृष्ण पाल गुर्जर मौजूद थे।

# आबादी के अनुसार निषादों को मिले राजनीतिक भागेदारी : बिहार निषाद संघ




**पटना।** पुनाईचक अवस्थित बिहार निषाद संघ के प्रदेश कार्यालय में संघ के प्रदेश कोर कमिटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संघ के प्रदेश अध्यक्ष ई हरेन्द्र प्रसाद निषाद ने कहा कि लोक सभा चुनाव 2024 में किसी भी राजनीतिक दल ने निषाद समुदाय के आबादी के अनुसार निषाद उम्मीदवार नहीं बनाया जिसके कारण बिहार के निषाद समुदाय के लोग दुखित एवं आक्रोशित हैं। ।कार्यकारी प्रधान महासचिव धीरेन्द्र निषाद ने मुख्य मंत्री से निषादों की लम्बित प्रमुख मागें जैसे निषाद की सभी उपजातियों को एकीकृत कर निषाद/मल्लाह शीर्ष में समावेशित कर शीघ्र अधिसूचित करने,परम्परागत मछुआ जाति का सूची जारी कर मत्स्यजीवी सहयोग समितियों से गैर मछुआ को निष्कासित कर परम्परागत मछुआ को ही सदस्य बनाने,नदियों में मछलियों के भारी कभी के कारण जीविका विहीन हो रहे भूमिहीन निषादों को नदियों के खेती योग्य दियारा के जमीन को बन्दोबस्ती करने एवं बालू खनन में निषादों के साथ कोटा निर्धारित करने हेतु शीघ्र निर्णय लेने की मांग की ।संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष विनय कुमार विद्यार्थि एव मीना देवी ने कहा कि अगर इन लम्बित मागें पर सरकार शीघ्र निर्णय नहीं लेगी तो पुरे बिहार में शीघ्र आन्दोलन शुरू किया जायेगा ।बैठक में सर्वसम्मति निर्णय लिया गया कि वर्ष 2025 में होने वाले विधान सभा चुनाव आबादी के अनुसार सता में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु संघ अपने बुते निषाद बाहुल्य 130 से अधिक विधान सभा क्षेत्रों से निषाद उम्मीदवार खड़ा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में डॉ शतीस कुमार विन्द, विजय कुमार सहनी,मनोज कुमार, प्रेम कुमार निषाद, जयराम निषाद, डॉ राज किशोर विन्द, अभिमन्यू निषाद, जितेंद्र कुमार।

# बिहार में एनडीए की सरकार, नौकरियां की बहार : प्रभाकर

**पटना,( संवाददाता)।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि बिहार में फिर नीतिशे कुमार हैं, एनडीए की सरकार है इसलिए नौकरियों की बहार है। श्री मिश्र ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि चुनाव के दौरान नौकरी देने का ढोल पीटने वाले को अब चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए। समझ में आ जाना चाहिए कि झूठ ज्यादा दिनों तक नहीं टिक सकता, सत्य के आगे उसे मैदान छोड़ना ही पड़ता है। नौकरी को लेकर 10वीं फेल एक नेता ने बिहार में इतना लंबा-लंबा फेंका कि खुद बाउंड्री के बाहर हो गये। लंबा फेंकने वाले को बिहार की जनता ने लंबी यात्रा पर भेज दिया। श्री मिश्र ने कहा कि 'जंगल राज के युवराज' ने लोकसभा चुनाव के दौरान नौकरी देने का राग अलापते रहे, लेकिन अब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। एनडीए सरकार नौकरी देने का नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मिशन मोड में सात निश्चय पार्ट-टू के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिया है। एक साल में करीब साढ़े चार लाख नौकरियां दी जाएंगी और 11 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराये जाएंगे। श्री मिश्र ने कहा कि 'जंगल राज के युवराज' के झूठ का अब भंडाफोड़ होनेवाला है। लोगों को असलियत का पता चल जाएगा कि रोजगार देने का डींग हांकने वाला कितना बड़ा फरेबी निकला।

नौकरी देने वाले कोई और नहीं नीतीश कुमार हैं, महागठबंधन की सरकार में वे सिर्फ डिप्टी सीएम पद पर विराजमान होकर औपचारिकता पूरी कर रहे थे। एनडीए सरकार का नेतृत्व करते हुए नीतीश कुमार जनहित में एक और रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं, वह रिकॉर्ड होगा, नौकरी और रोजगार देने का और बिहार के सर्वांगीण विकास का। डबल इंजन की सरकार में बिहार डबल रफ्तार के साथ प्रगति पथ पर दौड़ रहा है।

## संक्षिप्त खबर

### 31 बोतल शराब के साथ दो महिला गिरफ्तार

**थावे।** थावे संवाददाता प्रदीप श्रीवास्तव पुलिस ने शराब के विरुद्ध विशेष छापेमारी अभियान के तहत शराब के साथ दो महिला तस्कर को कबिलासपुर नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया ।थावे पुलिस ने छापेमारी अभियान के तहत कबिलासपुर नहर पुल के पास से कबिलासपुर गांव के ललिता देवी के पास झोला की तलासी लेने पर 15 बोतल और गणपति देवी के पास झोला की तलासी लेने पर 16 बोतल कुल 31 बोतल देशी शराब बरामद किया ।पुलिस ने मौके पर ही दोनो आरोपित महिला को गिरफ्तार कर लिया ।थानाध्यक्ष धीरज कुमार राम ने बताया कि गिरफ्तार दोनो आरोपित महिला के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी कर मंगलवार को न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया ।छापेमारी के दौरान प्रशिक्षु दारोगा निशा भारती आदि पुलिस बल मौजूद थे।

### थावे जंक्शन पर 72 पीस बियर के साथ यात्री गिरफ्तार

**थावे।** थावे संवाददाता प्रदीप श्रीवास्तव जीआरपी ने थावे जंक्शन पर बोगी तलासी के दौरान यात्रा कर रहे एक यात्री को शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया ।रेल थानाध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि जीआरपी द्वारा थावे जंक्शन पर खड़ी गोमतीनगर- छपरा कचहरी मेल एक्सप्रेस गाड़ी नंबर 15113 की बोगी तलासी की जा रही थी ।उसी दौरान एसी बोगी में यात्रा कर रहे एक यात्री को शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया ।गिरफ्तार यात्री सारण जिला के भेल्दी थाना के नारायणपुर गांव के मंजीत कुमार बताया जाता है ।थानाध्यक्ष ने बताया कि उसके पास मौजूद बैग की तलासी लेने पर 72 पीस बियर बरामद हुआ। पूछताछ के बाद गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी कर मंगलवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया ।बोगी तलासी के दौरान विनय चौधरी, रामबचन राम और नीतीश कुमार सहित जीआरपी पुलिस मौजूद थे।

### मारपीट में एक महिला समेत 5 घायल

**बरौली।** बरौली संवाददाता बिनोद कुमार राय बरौली थाना क्षेत्र के बघेजी गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पझो में लाठी,डण्डा व तलवार से जमकर मारपीट हुआ। जिसमे एक महिला समेत कुल 5 लोग घायल हो गए । बताया जाता है कि गांव के पिंटू सिंह व रामा नन्द के बीच जमीनी विवाद को लेकर कहा सुनी के बाद देखते ही देखते लाठी डंडे व तलवार से दोनों पझो में जमकर मारपीट हो गई ।इस मारपीट की घटना में एक तरफ से प्रखंड जदयू नेता भी शामिल है। सभी घायलों को पड़ोसी ग्रामीण ने इलाज के लिए बरौली अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ डॉ ने सभी घायलों के इलाज के बाद जदयू नेता समेत तीन घायलो को बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल रेफर कर दिए । इस मारपीट में घायल होने वालों में एक पझ के पिंटू सिंह ,छोटू कुमार,तो दूसरी तरफ से रामा नन्द प्रसाद,रेणु देवी,व देवा नन्द प्रसाद शामिल है। घटना की सूचना पर पुलिस जरूरी करवाई में जुटी है ।

### थावे दुर्गा मंदिर परिसर में महिला ने आठ माह की शिशु को छोड़कर हुई फरार

**थावे ।** थावे संवाददाता प्रदीप श्रीवास्तव थावे दुर्गा मंदिर में मंगलवार को पूजा अर्चना करने आई अज्ञात श्रद्धालु महिला ने मंदिर परिसर स्थित सेड में लगभग आठ माह की बच्ची को छोड़कर फरार हो गई ।बच्ची को रोते देख आसपास के श्रद्धालुओ ने उठाकर मंदिर न्यास समिति सदस्यों को सौपा ।समिति के सदस्यों ने बच्ची के रोते देख दूध की व्यवस्था की ।न्यास समिति के प्रबंधक अमरेंद्र दुबे ने लाउड स्पीकर के माध्यम से अपने माइक में बोलकर कई घंटों तक इसकी सूचना मंदिर परिसर में देते रहे ।लेकिन किसी भी व्यक्ति की नहीं आने पर प्रबंधक ने इसकी जानकारी सीओ व थानाध्यक्ष को दी। सूचना मिलते ही सीओ रवि भूषण गौरव और थानाध्यक्ष धीरज कुमार राम दुर्गा मंदिर परिसर पहुंचकर जिला बाल सरंक्षण इकाई को बुलाया ।तथा इस अज्ञात श्रद्धालु महिला के द्वारा छोड़ी गई आठ माह की बच्ची को बाल सरंक्षण इकाई के पदाधिकरी को सौप दिया गया।

### हत्याकांड के आरोपी ने कोर्ट में किया सरेंडर

**गोपालगंज।** जिला प्रभारी प्रवीण प्रताप सिंह गोपालगंज जिले के टॉप 42 में शामिल, 12,500 का ईनामी एवं कटेया थाना कांड संख्या 230/18 दिनांक 20.07.02018 धारा 302/34 भा०द०वि० के वांछित अभियुक्त गिरीश राय पे० जगरनाथ राय सा० खुरहुरिया थाना कटेया ने पुलिस के लगातार छापेमारी के भय से आज दिनांक 18.06. 2024 को न्यायालय में आत्मसमर्पण किया ।इस कांड के बाद यह आरोपी फरार चल रहा था पुलिस इसे पकड़ने के लिए जगह-जगह छापेमारी भी कर रही थी। परंतु इसकी गिरफ्तारी नहीं हो रही थी अब प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया जहां से इसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि यह कांड वादी नितुंजय राय पिता जगरनाथ राय ग्राम खुरहुरिया थाना कटेया द्वारा अपने भाई गिरीश राय एवं प्रियंका राय (गिरीश राय की पत्नी) के विरूद्ध अपने चाचा की हत्या कर जमीन हड़प लेने के संबंध में दर्ज कराया गया था। इस कांड के प्राथमिकी अभियुक्त प्रियंका राय (टॉप 42 में शामिल एवं 12,500 का इनामी) को दिनांक 12.06.2023 को थाना टीम एवं डी०आई०यू० टीम द्वारा दुगार्पुर (पश्चिम बंगाल) से गिरफ्तार किया गया था।

### झोपड़ी रखने को लेकर हुए विवाद में तीन लोग घायल

**कुचायकोट।** संवाददाता संतोष पाठक कुचायकोट थाना क्षेत्र के खान पट्टी गांव में जमीन पर झोपड़ी रखने को लेकर हुए मारपीट में एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए ।तीनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट लाया गया ।जहां उनका इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार खान पट्टी गांव निवासी गोविंदर कुमार का पूर्व से ही गांव के एक दूसरे व्यक्ति से भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। बताया जाता है कि मंगलवार को उक्त जमीन पर झोपड़ी रखने को लेकर हुए विवाद के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। इस घटना में गोविंदर प्रसाद देवेंद्र प्रसाद तथा ललिता देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। तीनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट लाया गया ।जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया गया।

# स्वास्थ्य मंत्री ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत अस्पतालों में मिशन मोड मे रिक्तियों को अक्तूबर तक भरने का दिया निर्देश

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय द्वारा राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत संचालित विभिन्न कार्याक्रमों/योजनाओं के प्रगति पर स्वास्थ्य विभागीय पदाधिकारियों के साथ गहन बैठक की गई।

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत विभिन्न पदों पर नियोजन हेतु राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के पदाधिकारियों के साथ गहन बैठक की गई। माननीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा राज्य की जनता को बेहतर एवं गुणात्मक स्वास्थ्य एवं विशिष्ट चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने की सरकार को प्राथमिकता को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यालय स्तर से लेकर क्षेत्रीय एवं स्वास्थ्य उपकेन्द्र स्तर तक की ज्यादातर रिक्त पदों पर अक्टूबर, 2024 एवं शेष बचे पदों पर दिसम्बर, 2024 तक नियुक्ति करने का निदेश राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के पदाधिकारियों को दिया गया। इसके तहत विभिन्न पदों पर लगभग 13 हजार नियुक्त करने का निर्णय लिया गया।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राज्य की जनमानस सभी प्रकार की चिकित्सा सेवा मुफ्त में उपलब्ध कराने के लिए सरकार कृत संकल्पित है। साथ ही, राज्य की जनता को अपने ही राज्य में रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने की सरकार की मंशा है। स्वास्थ्य मंत्री में बताया कि चार माह के अंदर चिकित्सकों एवं प्रबंधन से जुड़े कर्मियों की नियुक्ति हो जाने से सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं को अत्यधिक प्रभावकारी बनाया जा सकेगा

मातृ स्वास्थ्य की देखभाल एवं गुणवत्रापूर्ण प्रसव सेवा हेतु फार्स्ट रेफरल ईकाई की संख्या को बढ़ाने के लिए विशेष चिकित्सकों की शीघ्र भर्ती करने एवं पूर्व से कार्यरत विशेषज्ञ चिकित्सकों का रेसनलाइज कर पुर्नपदस्थापित करने का निदेश दिया गया। सरकारी अस्पताल के सभी प्रसव गृह एवं ऑपरेशन थियेटर की कमियों का निराकरण करते हुये लक्ष्य सर्टिफाईड अस्पतालों की संख्या को बढ़ाने तथा प्रसव की जटिलताओं की समस्या को कम करने के लिए मीडवाईफ्रि टेजनिंग को बढ़ाने का निदेश दिया गया।

थेलसिमिया डेय केयर सेन्टर एम्स एवं जी.एम.सी. पूर्णियां में स्थापित करने, बोन मैरो ट्रान्सप्लान्ट हेतु मुख्यमंत्री चिकित्सा राहत कोष से शीघ्र राशि आवंटित करने तथा सहरसा, बेतिया एवं छपरा में ब्लड कंपोनेन्ट सेपरेशन यूनिट स्थापित




करने का निदेश दिया गया।

बिहार राज्य के विभिन्न जिलों का लिंग अनुपात के घटते हुये क्रम पर माननीय मंत्री द्वारा काफी दुख प्रकट किया गया एवं इस विषय पर गहन समीक्षोपरान्त वैसे जिलों को चिन्हित करते हुये विशेष जागृति अभियान चलाने का निदेश दिया गया। माननीय मंत्री द्वारा इसे बेटी-बचाव अभियान से जोड़ते हुये अत्यधिक प्रचार-प्रसार पर बल दिया। अनिमिया मुक्त भारत की समीक्षा के क्रम में राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार द्वारा मननीय मंत्री को अवगत कराया गया कि बिहार 57 प्रतिशत बच्चे अनिमिया से ग्रसित है, इन्हें अभियान चला कर अनिमिया मुक्त करने की दिशा में स्वास्थ्य विभागीय पहल की जाय। नियमित टीकारण का रोडमैप तैयार करते हुये विशेष अभियान आयोजित कर अगले छः माह में 90 प्रतिशत अच्छादन करने का निदेश दिया गया। बाल हृद्य योजना एक लोकोपयोगी योजना प्रारंभ किया गया है। अभी हृद्य में छेद से ग्रस्ति 360 बच्चों का आर्परेशन कराया गया। पुनः कल दिनांक 18.06.2024 को स्वास्थ्य मंत्री द्वारा 21 बच्चों को ऑपरेशन के लिए एयर फ्लाइट से रवाना किया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री द्वारा मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान के तहत अनुदान की राशि पीड़ितों को शीघ्रातिशीघ्र स्वीकृत करने की दिशा में गति लाने का निदेश निदेश प्रमुख डा० सुनील झा को दिया गया। बैठक में सुहर्ष भगत कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार, शशांक शेखर सिन्हा मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति, माननीय मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह, उप सचिव प्रमोद कुमार राम, राजेश कुमार, प्रशासी पदाधिकारी, प्रिय रंजन राजू विशेष कार्य पदाधिकारी तथा राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार एवं स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ड्यूटी के दौरान रुपये से भरे बैग को माधोपुर थाने की पुलिस बैग मालिक को सौपी



**बरौली।** संवाददाता बिनोद कुमार राय माधोपुर थाने की पुलिस डिवटी के दौरान रुपये से भरी एक बैग मिली, बैग मे रुपये के अलावा कागजात भी रखा गया था, पुलिस ने उसे रुपये व बैग को उक्त व्यक्ति को लौटा दी व हिदायत भी दी गई की पैसे या कागजात संभाल कर रखें वहीं इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विनित विनायक ने बताया की क्षेत्र मे गस्ती के दौरान सड़क पर एक बैग दिखा बैग कों उठाकर चेक किया तो बैग मे रुपये व आधार कार्ड सहित अन्य कागजात पायें गये कागजात पर अंकित नंबर पर फोन किया गया व उसे थाने बुलाया गया उक्त व्यक्ति कुशीनगर जिले के धुरिया कोट गाँव का सुदामा दास बताया गया है, जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष ने कहा की बैग मे तीस हजार रुपये व कागजात थे, सही सलामत रुपये मिलने के बाद सुदामा दास ने पुलिस कों धन्यवाद दिया वहीं पुलिस के इस कार्य की लोगों ने सराहना भी किये।

## पुलिस ने 459 लीटर देशी शराब के साथ एक बोलेरो किया जप्त



**कटेया।** संवाददाता रजत कुमार मिश्रा कटेया थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के सिधरिया पुल के समीप एक बोलेरो गाड़ी से 459 लीटर देशी शराब बरामद किया है।

जबकि शराब तस्कर पुलिस को देखकर फरार हो गयो बताया जाता है कि स्थानीय थाने की पुलिस को मंगलवार की सुबह गुप्त सूचना मिली कि शराब तस्कर यूपी की तरफ से एक बोलेरो गाड़ी से शराब लेकर बिहार के तरफ जा रहे हैं उक्त सूचना के आधार पर पुलिस थाना क्षेत्र के सिधरिया पुल के समीप यूपी की तरफ से आने जाने वाले वाहनों की जांच कर रही थीतभी एक बोलेरो गाड़ी आता हुआ दिखाई दिया जैसे ही गाड़ी के चालक की नजर पुलिस पर पड़ी तो वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गयोवहीं पुलिस बोलेरो गाड़ी में रखा 459 लीटर शराब बरामद कर मामले की जांच कर रही है।

## तेज गर्मी को लेकर यात्रियों को पिलाई गई शरबत




**गोपालगंज /संवाददाता।** अनिकेत मिश्रा शहर के बंजारी मोड़ स्थित बस स्टैंड में जनमानस फाउंडेशन के तत्वाधान से शीतल जल (शरबत ) का सामूहिक वितरण किया गया जिसमें आने जाने वाले यात्रियों को भीषण गर्मी में शीतल जल पिलाया गया संस्था पूर्व से ही समाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती आरही हैं ।आगे भी शिक्षा,चिकित्सा एवम प्राकृतिक आपदा के समय तत्पर रहेगी। मौके पर संस्था के संस्थापक ब्रजेश मिश्र, अध्यक्ष मणिप्रकाश यादव, उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्र ऊर्फ बुलेट बाबा, सचिव अंशु मिश्र , कोषाध्यक्ष अवध किशोर यादव, देवेन्द्र श्रीवास्तव,अंशुमन पांडेय, सतीश जी, राजेंद्र ठाकुर ,संजय तिवारी ,चंदन जी सहित दर्जनों सदस्य मौजूद रहे । वही श्री यादव ने कहा कि यह कार्यक्रम अगले पांच दिनों तक चलेगा और आगे तक जब तक गर्मी कुछ कम नहीं हो जाती है।

# प्रकृति से जुड़िये, निरोग रहेंगे : डॉ सरला बैंगलोर

**पटना।** देश की जानी - मानी खाद्य विशेषज्ञ डॉ सरला बैंगलोर ने कहा कि हम प्रकृति से जितना करीब रहेंगे उतना ही निरोग रहेंगे। डॉ सरला आज यहाँ रवीन्द्र भवन में आयोजित तीन दिवसीय मिलेट्स महोत्सव के समापन सत्र को संबोधित कर रही थीं। इस समारोह का आयोजन डॉ आर के सिन्हा के अवसर ट्रस्ट के बैनर तले किया गया।

डॉ सरला ने कहा कि खराब खान - पान के कारण समाज में नपुंसकता बढ़ रही है। हार्मोनल इन बैलेंस के लिए हम खुद जिम्मेदार हैं। छोटे मिलेट्स कुटकी, कंगनी, रागी का उपयोग कर हम हार्मोनल इन बैलेंस को दूर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि दूध हमारी सेहत के लिए बहुत जरूरी है लेकिन दिक्कत यह है कि हमें शुद्ध दूध ही सुलभ नहीं हो पा रहा है। हम गायों में स्टोरायड का इंजेक्शन लगाकर जहरीला दूध पीने के अभ्यस्त हो गये हैं। यहाँ तक की हम नवजातों को भी बाजार का जहरीला और पाउडर का दूध पिलाकर भावी पीढ़ी को बीमार बना रहे हैं। नवजातों के लिए मदर मिल्क का कोई विकल्प नहीं है।

उन्होंने कहा कि बाजार में शुद्ध दूध उपलब्ध नहीं होने के कारण अब जरूरी हो गया है कि हम प्लांट दूध की तरफ कदम बढ़ाएं। विकल्प के रूप में बाजरा, मूंगफली, तिल और नारियल का दूध हमारे स्वास्थ्य के लिए हितकर है। नवजातों के लिए नारियल का दूध अमृत के समान है। प्लांट मिल्क से पनीर, खीर और मिठाई भी बनाई जा सकती है। डॉ सरला ने कहा कि बच्चों को चॉकलेट, स्ट्राबेरी




मिला दूध कभी नहीं पिलाना चाहिए। उसमें केमिकल मिला होता है जो बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को खराब कर सकता है। धीरे - धीरे हमें चाय - कॉफी की आदत भी छोड़नी ही होगी। तभी हम स्वस्थ रह पायेंगे।

उन्होंने कहा कि भौतिक तड़क - भड़क के लिए हम प्रकृति से दूर होते चले गए। अपनी अच्छी जीवन शैली को छोड़कर बिना अक्ल लगाये पाश्चात्य संस्कृति की नकल करके हमने अपनी शक्ल बिगाड़ ली है। पानी के बरतन में तांबा की प्लेट रखने अथवा तांबा के बरतन में पानी पीने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। वह पानी में मिले प्लास्टिक के असर को खत्म करता है।

इससे पहले मिलेट्स मैन के नाम से प्रसिद्ध डॉ खादिर वली ने कहा कि बीमारियों से बचाव में सूर्यकिरण सर्वाधिक जरूरी है। अगर आप को स्वस्थ रहना है तो सूर्य नमस्कार की आदत डालिए। सुबह - सुबह सूर्य नमस्कार करने से कई बीमारियों से छुटकारा मिलेगा। हजारों साल पहले हमारे पूर्वज यही करते थे। उन्होंने कहा कि नींद और आहार भी हमारे लिये उतनी ही जरूरी है। बेहतर जीवन जीने के लिए हमें अपनी जीवन शैली बदलनी होगी। विदेशियों ने हमारा खाना और पाखाना दोनों खराब कर दिया है। समारोह की अध्यक्षता पूर्व सांसद आर के सिन्हा ने की। मंच संचालन अवसर ट्रस्ट के सीईओ अनुरंजन श्रीवास्तव ने किया। समारोह में लकी ड्रॉ द्वारा कुछ चयनित प्रतिभागियों को कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय और आर के सिन्हा द्वारा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार मिलेट्स की खेती के विकास में हरसंभव सहयोग करेगी। कार्यक्रम के आयोजन में कृषि विभाग, एसआईएस ग्रुप, एसीएफएल, आद्या ऑर्गेनिक, इंडियन पब्लिक स्कूल देहरादून और संगत - पंगत ने सहयोग दिया। आखिर में प्रख्यात भोजपुरी गायिका मनीषा श्रीवास्तव ने अपने मिलेट्स गीत और ' जगदम्बा घर में दियरा बार अइलीं हो... , चारों दूलहा में बड़का कमाल सखिया... गाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

# किसान की हालत सुधरेगी तो बिहार का हालत सुधरेगा: सांसद

## किसानों को सलाना 15 हजार रुपए की मांग उठाएंगे : सांसद



**हरनौत (नालंदा) (नवशक्ति)।** किसान की हालत सुधरेगी तो बिहार का हालत सुधरेगी, तभी देश का हालत सुधरेगा।

उक्त बातें स्थानीय सांसद कौशलेंद्र कुमार ने स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र में मंगलवार को प्रधानमंत्री के लाइव टेलिकास्ट के जरिये 17 वीं किसान सम्मान निधि 2024 का आयोजन के दौरान किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा। कार्यक्रम में दर्जनों की संख्या में किसान मौजूद रहे। इस मौके पर चौथी बार सांसद बनने पर कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि किसान का समस्या पर चर्चा होती है, लेकिन समस्या दूर नहीं होता है। अनियमित हो रही मौसम के कारण वारिश नहीं होती है, तो प्रकृति पर आधारित किसानों को नुकसान होता है। इसके लिए चर्चा होनी चहिये। ताकि किसानों को वैकल्पिक सुविधा उपलब्ध हो सके। आज अन्य राज्य के किसानों का माली हालत खराब है। किसानों को संभालने की जरूरत है, ताकि किसानों को फायदा हो सके। यह प्रधानमंत्री किसान निधि राशि छः हजार से बढ़ कर पंद्रह हजार रुपया सालाना मिले। हर किसान के पास अगर पंद्रह हजार जाएगा तो कम से कम उनका सब्जी का इंतजाम हो सकता है। उससे कुछ कर सकता है। जो भी समस्याएं किसानों के बीच में आएगा उसके लिए हम लोग आपकी बात को लोक सभा में रखने का काम करेंगे। और मैं समझता हूं कि जो हमारी सरकार चल रही है, चाहे दिल्ली में हो, चाहे बिहार में हो, लगातार किसानों के लिए प्रयास करेंगे। और किसान की माली हालत अगर सुधरेगा तो हमारे बिहार के भी हालत सुधरेगी। देश का भी हालत सुधरेगी। जब तक किसान का हालत नहीं सुधरेगा, हमारे देश का हालत भी सुधरने वाला नहीं है। यही आस्था और विश्वास के साथ मैं आपको भरोसा दिलाता हूं किसान से संबंधित जितना भी काम करना है, उस काम में हम लोग जड़ बढ़कर हिस्सा लेंगे। इस मौके पर केवीके के द्वारा तीस दिनों का माली का प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों को सांसद के हाथों सर्टिफिकेट वितरण किया गया।इस मौके पर वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ सीमा कुमारी , डॉ यू एन उमेश , डॉ ज्योति सिन्हा , विभा रानी , डॉ विद्या शंकर सिन्हा ,डॉ. प्रियम वंदना , मुकेश कुमार, विक्की, पुनम , अर्पना , संजीव कुमार , शैलेंद्र सिंह, रौशन कुमार, चंद्रउदय कुमार ,देवी यादव , चंद्रदेव प्रसाद उर्फ चंदू , कुशेश्वर सिंह , बंटी , कन्हैया , ई रविशंकर समेत अन्य मौजूद थे।

# टोटो पलटने से वृद्ध किसान की हुई मौत, एक महिला घायल



**बिंद(नालंदा)(नवशक्ति)।** थाना क्षेत्र के बकरा गांव स्थित पुल के पास मंगलवार को टोटो पलटने से एक वृद्ध किसान की मौत हो गयी,जबकि एक महिला घायल हो गई।

मृतक की पहचान मकनपुर गांव निवासी (80 वर्षीय) कामेश्वर प्रसाद के रूप में की गई है। जबकि घायल की पहचान मकनपुर गांव निवासी गनौरी माहतो की (60 वर्षीय) पत्नी सुदामा देवी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में ग्रामीण अरविन्द कुमार ने बताया कि वृद्ध किसान बेलछी से धान का बीज लेकर टोटो से अपने गांव मकनपुर आ रहे थे। इसी दरमियान बकरा गांव स्थित पुल के पास टोटो अनियंत्रित होकर पलट गयी, जिससे टोटो में सवार वृद्ध किसान कामेश्वर प्रसाद व महिला सुदामा देवी दोनों सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गई। जहां वृद्ध किसान को ईलाज के लिए मोगलानी ले गए तब तक वृद्ध किसान की मौत हो गयी।

वहीं घायल महिला का ईलाज सकसोहरा के निजी क्लिनिक में किया जा रहा है। इस घटना की सूचना स्थानीय थाना की पुलिस को दिया गया, जहां दलबल के साथ थानाध्यक्ष घटना स्थल पर पहुंचे और घटना की जांच किया।

घटना के बाद टोटो चालक टोटो लेकर फरार हो गया। मृतक के दो पुत्र और पांच पुत्रियां है। इस घटना के बाद मृतक के परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया है। वहीं टोटो चालक के विरूद्ध मामला दर्ज किया है।

## संक्षिप्त खबर

### पार्षदों ने ईओ पर लगाया आरोप, देंगे इस्तीफा, ईओ व मुख्य पार्षद के रवैये से पार्षद नाराज



**हरनौत (नालंदा)(नवशक्ति)।** स्थानीय नगर पंचायत के रूपसपुर में कार्यपालक पदाधिकारी व मुख्य पार्षद के कार्यों से नाराज होकर पार्षदों ने बैठक किया। पार्षदों ने बताया कि हम लोग जीत कर आए हुए हैं लेकिन कार्यपालक पदाधिकारी विकास कार्य का एक भी ब्यौरा नहीं देते हैं। पार्षदों ने मनमानी का भी आरोप लगाया। उन्होंने हाईकोर्ट दरवाजा खटखटाने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर अगर हमलोगों की बात नहीं मानेंगे तो अपने पद से इस्तीफा देंगे। पार्षद में अशोक कुमार चौहान, श्याम बालक साव , राकेश रंजन , राजू कुमार , सुरज कुमार , अनील कुमार , रंजू देवी , सुनीता देवी , उपेंद्र ठाकुर , सुनील कुमार , रेंतू देवी और सरीता देवी ने आरोप लगाया है। वहीं इस संबंध में कार्यपालिका पदाधिकारी शम्स राजा ने बताया कि आरोप निराधार है।

### सांसद जनार्दन सिकरीवाल जी ने पटना साहिब का दर्शन किया : त्रिलोक सिंह निषाद



**पटना साहिब (संवाददाता)।** महाराजगंज लोकसभा से तीसरी बार लोकसभा के सदस्य बनने पर जनार्दन सिंह सिकरीवाल जी ने श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के जन्मस्थली तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहब में आकर नतमस्तक हुए देश में अमन शांति चैन और देश और बिहार की उन्नति के लिए प्रार्थनाएं की ग्रंथी सिंह ने आशीर्वाद स्वरुप गुरु घर से सिरोपा और प्रसाद दिया और गुरु महाराज के शास्त्र और चरण पादुका का दर्शन किए सांसद महोदय ने कहा कि दर्शन कर मां को शांति और बहुत सुकून मिला ऐसे गुरु का मैं दर्शन कर रहा हूं जिन्होंने पूरा जीवन गरीबों की सेवा और हिंदू सनातन धर्म एवं हिंदुस्तान की संस्कृति और सभ्यता के लिए अपने सर्वंश को बलिदान दिया मेरा जीवन धन हो गया इनके साथ अजय सिंह टुन्नू धनंजय सिंह धीरज सिंह शामिल थे गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी थे पूर्व महासचिव सरदार महेंद्र पाल सिंह ढिल्लों भी मिले पटना साहिब आने पर इनका स्वागत श्री सनातनी सिख सभा के अध्यक्ष त्रिलोक सिंह निषाद और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रबंधक सरदार हरजीत सिंह ने की।

### भीषण गर्मी को देखते हुए 19 जून तक शिक्षण कार्य बंद रहेंगे

**बिहारशरीफ (नवशक्ति)।** नालंदा जिला में वर्तमान में भीषण गर्मी एवं लू की स्थिति के कारण विद्यालयों/ शिक्षण संस्थानों / कोंचिंग संस्थान / ऑगनबाड़ी केन्द्रों में शिक्षण कार्य का संचालन से बच्चों के स्वास्थ्य एवं जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। उक्त के आलोक में शशांक शुभंकर, जिलाधिकारी, नालंदा द्वारा जिले के सभी विद्यालय (सरकारी एवं निजी) / कोचिंग संस्थान (कक्षा 1-8) एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में दिनांक 18.06.2024 एवं दिनांक 19.06.2024 को शिक्षण कार्य बन्द रखने का निदेश दिया गया है। उक्त निदेश के अनुपालन हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, सरकारी/ निजी विद्यालयों एवं कोचिंग संस्थानों को इस आशय का नोटिस निर्गत करेंगे और इस आदेश की प्रति उन्हें उपलब्ध करायेंगे। साथ हीं इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करायेंगे। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आई०सी०डी०एस० सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों को इस आदेश की प्रति उपलब्ध करायेंगी और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करायेंगी। यह आदेश की प्रति सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी थानाध्यक्षों को इस निदेश के साथ प्रेषित की जा रही है कि आदेश का सख्ती से अक्षरशः अनुपालन करायेंगे। इस आदेश का किसी स्तर पर अनुपालन नहीं होने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 की धारा 51 के तहत सख्त कार्रवाई की जायेगी।

### तीन पियक्कड़ गिरफ्तार

**थरथरी(नालंदा)(नवशक्ति)।** स्थानीय पुलिस ने गश्ती के दौरान सोमवार की देर शाम डीहा गांव से तीन पियक्कड़ को गिरफ्तार किया है। तीनों पियक्कड़ थाना क्षेत्र डीहा गांव के निवासी हैं।

दरोगा प्रभात कुमार ने गस्ती के दौरान तीनों की जांच की। जिसमें तीनों शराब पिए हुए था जिसकी पुष्टी कि गई है।

गिरफ्तार पियक्कड़ सुरज कुमार,परीक्षित चौहान,तनिकन मांझी सभी डीहा गांव निवासी हैं। थानाध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा ने बताया की गिरफ्तार तीनों पियक्कड़ से पूछताछ करने के बाद न्यायालय भेज दिया गया है।

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल कर प्रखंड का नाम किया रौशन




**गोपालगंज/ संवाददाता।** संतोष पाठक, कुचायकोट प्रखंड के बलथरी गांव की बेटी लक्ष्मी पाठक में बिहार स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2024 में गोल्ड मेडल हासिल कर प्रखंड के साथ जिले का भी मान बढ़ाया है। लक्ष्मी पाठक के इस उपलब्धि पर प्रखंड के तमाम खेल प्रेमियों तथा बुद्धिजीवियों ने उसे शुभकामनाएं और बधाई दी है। लक्ष्मी पाठक इसके पूर्व भी प्रदेश स्तरीय कई प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर चुकी है। विदित हो कि 14 जून से 17 जून तक पूर्वी चंपारण जिले की खेल भवन मोतिहारी में बिहार स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में सीनियर 68 किलो वर्ग से कम के श्रेणी में लक्ष्मी पाठक ने भी भाग लिया था। उसने अपनी सभी मुकाबले जीतते हुए फाइनल मुकाबले में मोतिहारी के अर्निका पटेल को 6 पॉइंट से पराजित कर गोल्ड मेडल हासिल किया। लक्ष्मी पाठक बलथरी निवासी पंडित बलराम पाठक की पुत्री है। ग्रामीण लक्ष्मी पाठक के घर पर पहुंचकर अपनी अपनी शुभकामनाएं दे रहे हैं पाठक ।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कुख्यात अपराधी और शराब माफिया गिरफ्तार




**गोपालगंज।** जिला प्रभारी प्रवीण प्रताप सिंह गोपालगंज पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निदेर्शानुसार उचका गांव थाना क्षेत्र के रहने वाले एक कुख्यात अपराधी और शराब माफिया को पुलिस ने शराब तथा स्कॉर्पियो गाड़ी के साथ पिस्तौल और जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया है इस मामले में पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि इस आरोपी पर पहले से आधा दर्जन मामले विभिन्न थानों में दर्ज है जिन में पुलिस इसे ढूंढ रही थी तभी बरौली थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली और पुलिस ने छापेमारी कर इस आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसकी स्कॉर्पियो गाड़ी और शराब तथा जिंदा कारतूस और पिस्तौल को पुलिस ने जप्त कर लिया है। तथा आरोपी को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।आरोपी की स्कॉर्पियो गाड़ी से 60 लीटर शराब मिली है।गिरफ्तार अभियुक्त बुलेट कुमार उर्फ विकास कुमार पिता योगेन्द्र सिंह ग्राम जमसण थाना उचकागाव जिला गोपालगंज का निवासी है और इसका आपराधिक इतिहास

(1) उचकागाव थाना कांड संख्या 281/22 धारा 147/148/149/323/324/307/302/448 IPC और 27 आर्म्स ऐक्ट। (2) उचकागाव थाना कांड संख्या 255/22 धारा 30(a) बिहार एक्साइज ऐक्ट।

(3)- उचकागाव थाना कांड संख्या 252/22 धारा 30(a) बिहार एक्साइज ऐक्ट।

(4)- हथुआ थाना कांड संख्या 12/22 धारा 392 IPC (5)- फुलवारी थाना कांड संख्या 324/23 धारा 414 IPC और 30(a) बिहार एक्साइज ऐक्ट अन्य आपराधिक इतिहास पुलिस के द्वारा खंगाला जा रहा है।

# इस बार 5 लाख 6000 पेड़ लगाने का रखा गया लक्ष्य

**गोपालगंज/संवाददाता।** ,अनिकेत मिश्रा ,गोपालगंज मनरेगा के तरफ से लगातार विभाग के द्वारा जारी लक्ष को प्राप्त करने के लिए काम किया जा रहा है। गोपालगंज से मनरेगा से जिला कार्यक्रम पदाधिकारी दिलीप पासवान ने बताया कि जिले में जैसे ही बारिश की शुरूआत होगी विभाग के द्वारा इस बार 5 लाख 6000 पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। वही इस वित्तीय वर्ष में पूरे जिले में 28 लाख 77663 मानव दिवस कार्य का लक्ष्य मनरेगा के तरफ से निर्धारित किया गया था जिसमें अब तक 10 लाख 91815 मानव दिवस कार्य सृजित कर संपन्न करा लिया गया है। और आगे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर कार्य चल रहा है उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में पोखर,तालाब,नहर इत्यादि की सफाई में मनरेगा के मजदूर लगे हुए हैं जिसमें प्रतिदिन 20,000 से अधिक मजदूर जिले में कार्य कर रहे हैं इस बार मनरेगा से जो वृक्षारोपण का कार्य करना है।उसे लेकर सभी 14 प्रखंड से जीविका दीदी के द्वारा तैयार की गई नर्सरी से 586000 पौधा खरीदा जाएगा तो वहीं वन विभाग के तरफ से भी एक लाख पौधे देने की बात कही गई है यह सभी पौधे वृक्षारोपण के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए लगाए जाएंगे।

# जिन्होंने आजादी की लड़ाई नहीं देखी वे देख रहे भाजपा सरकार में गुलामी की प्रक्रिया : डा0 अखिलेश



**पटना,( संवाददाता)।** जिन्होंने आजादी की लड़ाई नहीं देखी वे भाजपा सरकार में गुलामी की प्रक्रिया देख रहे हैं। राष्ट्रभक्ति का स्वांग भरने वालों को मैं कहना चाहता हूँ कि स्वतंत्रता सेनानियों की जिन्दगी से सीख लेकर इसकी परिभाषा को समझें और अनुकरण करें। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह ने बिहार विभूति डा0 अनुग्रह नारायण सिंह की 136वीं जयन्ती के अवसर पर ये बातें कही। वे पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम में मंगलवार को आयोजित महान स्वतंत्रता सेनानी एवं बिहार के प्रथम वित्तमंत्री अनुग्रह बाबू के जयन्ती समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अनुग्रह बाबू उन बिरले विभूतियों में थे जिन्होंने स्वतंत्रता की लड़ाई भी लड़ी और आजादी के बाद राष्ट्र निर्माण में अपना अनूठा योगदान दिया। बिहार के प्रथम वित्तमंत्री के तौर पर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डा0 श्रीकृष्ण सिंह के साथ आधुनिक बिहार की पटकथा लिखी।

डा0 सिंह ने कहा कि अनुग्रह बाबू स्पष्ट वक्ता थे तथा सादा जीवन उच्च. विचार की प्रतिमूर्ति थे। उनका दरबाजा गरीबों, पिछड़ों तथा असहायों के लिये हमेशा खुला रहता था। उन्होंने कहा कि अनुग्रह बाबू स्वतंत्रता आन्दोलन के संग्राम में महात्मा गाँधी के नेतृत्व में डा0 राजेन्द्र प्रसाद, स्व0 ब्रजकिशोर प्रसाद, मौलाना मजहरूल हक, डा0 श्रीकृष्ण सिंह जैसे नेताओं के साथ कंधे-से-कंधे मिलाकर देश की स्वाधीनता की लड़ाई लड़ी। आज कृतज्ञ राज्य अनुग्रह बाबू के योगदान को स्मरण कर उनके चरण में शत-शत नमन कर रहा है।

इसके पूर्व डा0 अनुग्रह नारायण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

जयन्ती समारोह में कांग्रेस विधान परिषद दल के नेता डा0 मदन मोहन झा, डा0 समीर कुमार सिंह, लाल बाबू लाल,आनन्द माधव, दिनेश कुमार, उदय शंकर पटेल, प्रदुमन कुमार, राहुल पासवान, सुदय शर्मा, विश्वनाथ बैठा, राजनन्दन कुमार,राज छविराज, निधि पाण्डेय, अमित यादव, मो0 अबदुल बाकी, संतोष कुमार, सत्येन्द्र सिंह, मृत्युंजय कुमार सिंह ने भी भाग लिया एवं अनुग्रह बाबू को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# समर कैंप संपन्न, खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**हरनौत (नालंदा)(नवशक्ति)।** स्थानीय बाजार में स्थित फुटबॉल स्टेडियम में करीब एक माह से नालंदा लक्ष्य एकेडमी हरनौत के द्वारा समर कैंप का आयोजन किया गया,जिसमें मंगलवार को खेल सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

विभिन्न खेल का आयोजन स्पेशल ओलंपिक यूनिफाइड भारत बिहार के नेतृत्व में लक्ष्य स्पोर्ट्स एकेडमी नालंदा के द्वारा किया गया। तद्उपरांत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 80 खिलाड़ियों को मेंडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पौधे का भी वितरण किया गया।

इस दौरान स्पेशल ओलंपिक भारत बिहार के एरिया कोऑर्डिनेटर सह स्पोर्ट्स डायरेक्टर संदीप मिश्रा , उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह समेत अन्य ने अपने आशीर्वचन से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया । मौके पर समर कैंप के डायरेक्टर प्रमोद कुमार , कुंदन पांडे , चंद्रोदय कुमार , मिलन कुमार , महेश प्रसाद सिंह , पुरुषोत्तम कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# बिहार विभूति स्व० डॉ० अनुग्रह नारायण सिंह को उनकी जयंती पर किया गया नमन

**पटना (संवाददाता)।** बिहार विभूति स्व० डॉ० अनुग्रह नारायण सिंह की जयंती पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। बिहार विधानमंडल परिसर स्थित डॉ० अनुग्रह नारायण सिंह जी की आदमकद प्रतिमा पर राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शत-शत नमन किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, सहकारिता तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ० प्रेम कुमार, स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार सिंह सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी बिहार विभूति डॉ० अनुग्रह नारायण सिंह जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, बिहार गीत एवं देशभक्ति



गीत प्रस्तुत किया गया।

# टायर फटने के बाद सड़क पलटी कार, चार लोग घायल

**संतोष पाठक**

**कुचायकोट, संवाददाता।** कुचायकोट थाना क्षेत्र के भोपतापुर गांव के पास मंगलवार की दोपहर एक अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। इस घटना में एक बच्ची सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना थाने को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट पहुंचाया ।जहां उनका इलाज किया गया। घटना का कारण कार का ड्राइवर साइड का अगला एक टायर फट जाना बताया जाता है। दुर्घटना के बाद जेसीबी की मदद से कार को सड़क के किनारे कराया गया । जिसके बाद सड़क के एक लेन पर आवागमन बहाल हो सका । मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम चंपारण जिले के चिउटहां थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर चौराहा गांव निवासी वासुदेव महतो अपने परिवार



के साथ थावे मंदिर दर्शन के लिये जा रहे थे ।

उनकी कार जैसे ही भोपतापुर गांव के पास पहुंची कार के अगले एक पहिए का टायर फट गया । जिससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। इस घटना में वासुदेव महतो, पार्वती देवी ,दिव्या कुमारी और 4 वर्षीय बच्ची प्राची कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची कुचायकोट पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य में कुचायकोट पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल रेफर कर दिया।


नवशक्ति डिजिटल न्यूज पेपर में प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुदक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा।


प्रधान कार्यालयः कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामीः जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुद्रित। सम्पर्क नम्बरः 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI- BIHHIN/2012/43368

# उबलता नल का पानी, बेकार हुए एसी, भीषण गर्मी में दिल्ली के लोग बेहाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में भीषण गर्मी पड़ रही है, लोग मानव पोखरों में तब्दील हो रहे हैं, क्योंकि लगातार गर्मी का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। भारतीय मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है, जो उच्चतम स्तर है, जिसमें तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। यह आपकी सामान्य गर्मी नहीं है। शहर में लगातार आठ दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है, तापमान 40 डिग्री से ऊपर है। हालांकि सप्ताह के अंत में कुछ राहत मिलने की उम्मीद है, लेकिन अभी के लिए निवासियों को भीषण गर्मी से जूझना होगा।

सोशल मीडिया पर, निवासी अपनी कुंठाओं को व्यक्त कर रहे हैं और अपने संघर्षों को साझा कर रहे हैं। दिल्ली में रहने वाले एक व्यक्ति ने एक्स पर दुख जताते हुए कहा, मैं अपनी पूरी जिंदगी दिल्ली में रहा हूं, कई गर्मियों का सामना किया है, लेकिन इस साल बाहर 15 मिनट की सैर भी मुश्किल है। रात 10 बजे तापमान 41 डिग्री है, और दिन भर लगातार गर्मी पड़ रही है। हम में से जो लोग एसी की सुविधा के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वे शहर के उन गरीबों की कल्पना कर सकते हैं जिन्हें बाहर रहना और काम करना पड़ता है। एक अन्य व्यक्ति ने गुनगुनी पीड़ा की कहानी ट्वीट की- मैंने सुबह 6.30 बजे ओवरहेड टैंक के पानी से नहाने की कोशिश की। सुबह 6.30 बजे भी पानी उबल रहा था। एसी भी ठीक से काम नहीं कर रहे थे, रेफ्रिजरेटर भी ठंडा नहीं कर रहा था। अपने 20 साल के जीवन में मैंने पहली बार दिल्ली एनसीआर में इतनी भीषण गर्मी देखी है। चिलचिलाती गर्मी के कारण कुछ निवासी जवाब तलाश रहे हैं। एक सोशल मीडिया यूजर ने पूछा, ... दिल्ली एनसीआर में इतनी गर्मी क्यों है, रात 9 बजे तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, एसी चालू हो या बंद, हालात लगभग एक जैसे ही होते हैं। क्या एसी की अत्यधिक मात्रा इस भीषण गर्मी का कारण है या अधिक कांच की इमारतों का निर्माण या कोई और कारण है? मैं मुंबई और पुणे की गर्मी से बचने के लिए मसूरी की पहाड़ियों में आया था, लेकिन मेरा विश्वास करें, यह बहुत अधिक गर्म और असहनीय है। कृपया अभी मसूरी न जाएँ और व्लॉग और ब्लॉग पर भरोसा न करें। यह दिल्ली/मुंबई जितना ही अच्छा या बुरा है। चिलचिलाती गर्मी न केवल असुविधा पैदा कर रही है, बल्कि यह निवासियों की भलाई के बारे में चिंताएँ बढ़ा रही है और शहर के बुनियादी ढाँचे को अपनी सीमा तक धकेल रही है। एक व्यक्ति ने ट्वीट किया, मैं बिस्तर पर जाता हूँ और तापमान 41 डिग्री सेल्सियस होता है। मेरे दोस्त बताते हैं कि लोग गर्मी/हीटस्ट्रोक से दिल के दौरे के साथ आईसीयू में पहुँच जाते हैं। पसीने और संघर्ष के बीच, पर्यावरण के लिए कार्रवाई का आह्वान उभर कर आया दिल्ली गंभीर गर्मी से गुजर रही है, नल का पानी बहुत गर्म हो रहा है और एसी खराब हो रहे हैं।

## बालासोर में बकरीद के मौके पर दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प, लगाया गया कर्फ्यू, इंटरनेट सेवाएं भी निलंबित



**बालासोर।** ओडिशा के बालासोर में सोमवार को बकरीद के दौरान सड़क पर जानवरों की बलि के खून को लेकर दो समूहों के बीच झड़प के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया। शहर के कई संवेदनशील इलाकों में इंटरनेट सेवाएं भी निलंबित कर दी गईं। कर्फ्यू 17 जून की आधी रात से 18 जून की आधी रात तक लागू है। संघर्ष तब शुरू हुआ जब लोगों के एक समूह ने सड़क पर बलि दिए गए एक जानवर के खून के विरोध में धरना दिया। बकरीद की रस्मों के तहत जानवर की बलि दी गई।

दूसरे समूह ने कथित तौर पर प्रदर्शनकारियों पर पत्थर फेंके, जिससे झड़प हुई। झड़पों में पुलिस समेत कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि कम से कम 20 वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सोमवार को बालासोर कलेक्टर आशीष ठाकरे से बात की और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तत्काल उपाय करने का आग्रह किया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) संजय कुमार भी शहर पहुंचे और पुलिस ने बालासोर में फ्लैग मार्च किया। बालासोर एसपी सागरिका नाथ ने कहा कि बालासोर नगर पालिका क्षेत्र में कर्फ्यू लगा दिया गया है। सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और दुकानों को बंद रखने के लिए कहा गया है।

# बीआरसी सभागार में प्रधानाध्यापकों की बैठक की गई आयोजित



**कुचायकोट।** कुचायकोट संवाददाता संतोष पाठक कुचायकोट प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी के सभागार में प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों की प्रधानाध्यापकों की एक बैठक आयोजित की गई ।बैठक में प्रधानाध्यापकों को ई शिक्षा कोष पर छात्रों से संबंधित सूचनाओं अपडेट करने ,विद्यालय में शिक्षकों से संबंधित रिक्तियों की सूची कार्यालय को समर्पित तथा विद्यालयों में सभी शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन उपस्थित अंकित करने के बारे में विस्तार से चर्चा की गई ।बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड लेखा समन्वयक संदीप कुमार ने कहा कि सभी शिक्षकों की विद्यालयों में उपस्थिति ई शिक्षा कोष के माध्यम से ऑनलाइन अंकित की जानी है ।इसके बारे में सभी शिक्षकों को अपने मोबाइल में ई शिक्षा कोष पोर्टल डाउनलोड करना होगा। इसके लिए शिक्षकों को अलग से भी विस्तृत जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रधानाध्यापक अपने विद्यालय के बच्चों का ई शिक्षकोष पर डाटा अपलोड करना सुनिश्चित करें। ऐसा नहीं करने वाले प्रधानाध्यापको के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। साक्षमता परीक्षा के बाद शिक्षकों को नए विद्यालयों में पद स्थापित किया जाना है। इसको लेकर विभागीय तैयारी के क्रम में सभी विद्यालयों से शिक्षकों से संबंधित रिक्तियां मांगी गई है ।इस बारे में शिक्षकों से अविलंब शिक्षकों से संबंधित रिक्ति प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन तथा असैनिक कार्यों के प्रगति को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में दिलीप शर्मा, अवधेश सिंह,हरिओम सिंह ,विमलेश राय ,तारकेश्वर प्रसाद, कृष्ण कुमार कुशवाहा, मनीष राय, शैलेश राय, दिनेश पांडेय, रंजीत शाही,विनय कुमार ,सर्वेश तिवारी मनोज पाठक सहित अन्य प्रधानाध्यापक तथा बीआरसी के कर्मी मौजूद रहे।

# मोदी 3.0 में नितिन गडकरी का साथ देंगे अजय टम्टा, बतौर राज्यमंत्री संभालेंगे सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय



**नई दिल्ली।** उत्तराखंड की अल्मोडा लोकसभा सीट से सांसद चुने गए अजय टम्टा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कैबिनेट में जगह मिल गई है। उन्हें नितिन गडकरी के सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में बतौर राज्यमंत्री शामिल किया गया है। भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा ने लगातार तीन बार लोकसभा चुनाव जीत हैट्रिक बनाई। अजय टम्टा ने रिकार्ड 234097 मतों ने से जीत दर्ज करने में सफलता पाई। केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह मिलने पर उन्होंने अपनी संसदीय सीट की जनता का आभार जताया है।

16 जुलाई 1972 को पैदा हुए अजय टम्टा केंद्र सरकार में उत्तराखंड के इकलौते मंत्री हैं। छात्र जीवन में ही राजनीति में आए अजय टम्टा जिला पंचायत सदस्य और फिर देश के सबसे युवा ज़िला पंचायत अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इसके बाद वह दो बार उत्तराखंड में विधायक भी रहे। वहीं उत्तराखंड विधानसभा के अपने दूसरे कार्यकाल में वह पहले राज्यमंत्री और फिर कैबिनेट मंत्री भी बने। अजय टम्टा को पहली बार सांसद बनने के बाद केंद्र सरकार में टेक्सटाइल राज्य मंत्री बनने का भी मौका मिला।

अजय टम्टा के पिता मनोहर लाल टम्टा पोस्टल एंड टेलिकॉम डिपार्टमेंट में अधिकारी थे। उनकी मां निर्मला टम्टा भी टीचर्स इंस्ट्रक्टर थीं, लेकिन उन्होंने बाद में अपनी नौकरी छोड़ दी। छह भाई-बहनों में अजय टम्टा तीसरे नंबर पर हैं। उनकी पत्नी सोनल टम्टा है और इन दोनों की एक बेटी भी है। उनकी शिक्षा दीक्षा अल्मोड़ा में ही हुई। वह ग्रेजुएशन करते समय ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ कर राजनीति में सक्रिय हो गए थे। नौबत यहां तक आ गई कि उन्हें अपना ग्रेजुएशन बीच में ही छोड़ना पड़ा, लेकिन राजनीति में उन्होंने खूब तरक्की की। अजय टम्टा ने उत्तराखंड अलग होने के पहली बार 2002 में सोमेश्वर विधानसभा का टिकट मांगा था। पार्टी की तरफ से टिकट ना मिलने पर भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़े।

लेकिन उस चुनाव में उनकी हार हो गई। तीसरी बार अल्मोड़ा लोकसभा सीट से हैट्रिक लगाने वाले अजय टम्टा ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत करने के बाद पहली बार 1997 में जिला पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष, 1999 में जिला पंचायत अध्यक्ष, 2002 में भाजपा से बगावत करके चुनाव लड़े लेकिन हार गए, 2007 में पहली बार सोमेश्वर विधानसभा से विधायक, 2012 से सोमेश्वर विधानसभा से दूसरी बार विधायक, 2014 में पहले बार अल्मोड़ा लोकसभा सीट से सांसद , 2016 में केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री, 2019 में दूसरी बार सांसद और अब 2024 में लगातार तीसरी बार सांसद बनकर अजय टम्टा ने हैट्रिक लगा दी।

अजय टम्टा को अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र की जनता ने फिर से पलकों पर बैठाया है। इसके पीछे उनका सादपान, सरल स्वभाव और बेदाग छवि है।

## बाछी को जख्मी करने के मामले अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**कटेया।** संवादतता रजत कुमार मिश्रा कटेया थाना क्षेत्र के बैरिया टोला नवलपुर में एक बाछी को जख्मी करने का मामला प्रकाश में आया है ।इस मामले में अज्ञात के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में रामाशीष यादव ने आरोप लगाया है कि सोमवार की सुबह करीब 7 बजे अपनी बाछी को चरने के लिए खेत में छोड़े थे ।करीब 9:00 बजे मुझे सूचना मिली कि मेरी बाछी को जख्मी कर दिया गया है ।लेकिन किसने जख्मी किया है यह किसी ने नहीं देखा है ।उसके बाद मैं अपनी बाछी को चवर से ले आया ।उसके आगे के दोनों पैर जख्मी कर दिया गया है ।साथ ही इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी गई। वहीं पुलिस पीड़ित के दिए आवेदन के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है।

## निजर्ला एकादशी पर धार्मिक अनुष्ठान

**पटना सिटी।** निजर्ला एकादशी पर वैष्णव मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन मंगलवार को किया गया. गुरुवाणी प्रचार सेवा केंद्र में प्रो लाल मोहर उपाध्याय की अध्यक्षता, छोटू तिवारी व बेबी कुमारी के संचालन में धार्मिक अनुष्ठान हुए. एकादशी के मौके पर धार्मिक अनुष्ठान में पूजाझ्रअर्चना के साथ भगवान विष्णु का विशेष श्रृंगार किया गया. इस दौरान भक्तों की टोली गंगा स्नान के लिए गंगा घाटों पर जुटी थी. मतभिन्नता की वजह से सोमवार को भी कुछ लोगों ने एकादशी व्रत रखा.

## हत्या व मारपीट मे दो गिरफ्तार

**पटना सिटी।** अगमकुआं थाना की पुलिस ने हत्या मामले में फरार चल रहे जयपुर धनुकी निवासी रामप्रवेश महतो को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार बस मालिक कृपा शंकर सिंह की हत्या का आरोपित है. जो फरार चल रहा था. वहीं अगमकुआं थाना पुलिस ने ही मारपीट व हत्या के प्रयास में आरोपित रिश कुमार उर्फ विशाल कुमार श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार रिशु अगमकुआं थाना के भूतनाथ रोड स्थित जनता फ्लैट का निवासी है. पुलिस पकड़े गये दोनों आरोपितो ंको पूछताछ के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. पुलिस ने बताया कि फरार के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है.

## मेडिसिन की ओपीडी फैब्रिकेटेड भवन में शुरू

**पटना सिटी।** एनएमसीएच के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भवन स्थित फैब्रिकेटेड भवन में मेडिसिन विभाग का ओपीडी संचालित होगा. इसका उद्घाटन प्राचार्या डॉ उषा कुमारी और अधीक्षक डॉ अलका सिंह ने संयुक्त तौर पर की. अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ अजय कुमार सिन्हा ने की. विभागाध्यक्ष ने बताया कि पहले अस्पताल परिसर में स्थित भवन में ओपीडी का संचालन होता था. अब यहां पर यह सुविधा आरंभ होने कीस्थिति में मरीजों को लाभ मिलेगा. विभाग का तीन वार्ड भी इसी भवन में संचालित होता है. ऐसे में अब मरीजों को इसका लाभ मिलेगा. अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार ने बताया कि मरीजों की सुविधाओं का ख्याल रख यहां पर ओपीडी आरंभ कराया गया है. ओपीडी आरंभ होने के साथ मरीजों बैठने और कतार में लगने के लिए पर्याप्त जगह मिलेगी. यहां पर महिला व पुरुष के लिए अलग अलग लाइन लगाने की व्यवस्था की गयी है. ताकि मरीजों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो.

## पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल द्वारा नरदाना में अपना पहला गति शक्ति मल्टीमोडल कार्गो टर्मिनल की शुरूआत

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल द्वारा हाल ही में नरदाना में पहला गति शक्ति मल्टीमोडल कार्गो टर्मिनल शुरू किया गया। शिरपुर पावर प्राइवेट लिमिटेड (जिंदल पावर लिमिटेड) के सहयोग से चालू किया गया यह कार्गो टर्मिनल मुंबई मंडल के लिए पहला है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जिंदल पावर लिमिटेड द्वारा धुले में स्थापित पावर प्लांट की स्थापित क्षमता 300 मेगावाट है और यह टिपलर हैंडलिंग सुविधाओं और 3-लाइन हैंडलिंग यार्ड से सुसज्जित है। नरदाना के पास इस गति शक्ति मल्टीमोडल कार्गो टर्मिनल के चालू होने से भारतीय रेलवे के माल ढुलाई पूल में प्रति वर्ष 2.05 मिलियन टन की लोडिंग और लगभग 374 करोड़ रुपये का माल जुड़ जाएगा। सड़क मार्ग से कोयले के वर्तमान परिवहन को रेलवे द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा, जिससे रेल गुणांक में और वृद्धि होगी।

# कैंसर से पत्नी की हुई मौत, कुछ ही मिनट बाद दुखी आईपीएस ऑफिसर ने कर ली आत्महत्या



**असम।** असम सरकार में गृह और राजनीतिक विभाग के सचिव के रूप में कार्यरत भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी शिलादित्य चेतिया की मंगलवार को कथित तौर पर आत्महत्या से मृत्यु हो गई। राज्य की पुलिस के अनुसार, अस्पताल में अपनी पत्नी की मौत के बारे में सुनते ही उसने यह कदम उठाया। उनकी पत्नी कैंसर से पीड़ित थीं। असम के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने जनता को अधिकारी की मौत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कैंसर के कारण पत्नी की मौत के कुछ मिनट बाद ही उन्होंने आत्महत्या कर ली।

डीजीपी सिंह ने कहा कि अधिकारी की दुखद मौत से पूरा असम पुलिस परिवार गहरे शोक में है। उन्होंने कहा कि घटनाओं के एक दुर्भाग्यपूर्ण मोड़ में, शिलादित्य चेतिया आईपीएस 2009 आरआर, सचिव गृह और असम की राजनीतिक सरकार ने आज शाम अपनी जान ले ली, उपस्थित चिकित्सक द्वारा उनकी पत्नी की मृत्यु की घोषणा करने के कुछ मिनट बाद, जो लंबे समय से कैंसर से जूझ रही थीं। पूरा असम पुलिस परिवार गहरे शोक में है। 2009 के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी, शिलादित्य चेतिया, संभवतः अपनी पत्नी के कैंसर से संबंधित व्यक्तिगत मुद्दों से निपटने के लिए, पिछले चार महीनों से छुट्टी पर थे।

उन्हें अस्पताल ले जाया गया लेकिन वहां पहुंचने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। असम सरकार में सचिव बनने से पहले, चेतिया ने राज्य के तिनसुकिया और सोनितपुर जिलों के पुलिस अधीक्षक (एसपी) के रूप में कार्य किया था। पुलिस अभी भी उनकी मौत के पीछे की परिस्थितियों की जांच कर रही है।

## नेटवर्किंग कंपनियों पर नजर रखें राज्य सरकार

**पटना।** जनवादी महिला समिति (एडवा) और जनवादी नौजवान सभा (डीवाईएफआई) बिहार राज्य कमिटी ने राज्य सरकार से नेटवर्किंग कंपनियों पर अपने निगरानी में कार्य करवाए! राज्य में अधिकतर नेटवर्किंग कंपनी चल रही है! राज्य सरकार से अनुमति प्राप्त है नही किसी को जानकारी नहीं है स्थानीय प्रशासन से सांठगांठ कर नेटवर्किंग कंपनी अपने तरीके से चला रही है! मुझफरपुर की घटना निंदनीय है मुजफ्फरपुर की नेटवर्किंग कंपनी पता नही कितने वर्षो से लड़कियों का शोषण कर रही थी जो आज उजागर हुआ है! राज्य के कई जिलों में भी शायद इस तरह की घटना हो रही होगी! अधिकतर नेटवर्किंग कंपनी युवक और युवतियों को प्रलोभन देकर उनके साथ शोषण कर रही है! बेरोजगारी की संख्या अधिक होने के कारण राज्य के युवक और युवती नेटवकिंग कंपनी के जाल में फंस रही है!

एडवा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामपरी, जनवादी नौजवान सभा (डीवाईएफआई) के राज्य अध्यक्ष मनोज कुमार चंद्रवंशी ने राज्य सरकार से मांग की है राज्य के जिला भर में चल रहे हैं नेटवर्किंग कंपनी की जांच करे तथा नाजायज तरीके से चला रहे कंपनी को बंद करा उसपर कानूनी कार्रवाई की जाए! मुझफरपुर के नेटवर्किंग कंपनी के संचालक सहित स्थानीय प्रशासन पर कानूनी कार्रवाई की जाए!

# अयोध्या में एक और सियासी मुकाबले के लिये बिछ रही है बिसात



**लखनऊ।** प्रभु श्री राम की नगरी और अयोध्या लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के हाथों हार का सामना करने वाली भाजपा अपनी शर्मनाक हार का बदला लेने के लिए एक बार फिर समाजवादी पार्टी को अयोध्या अंतर्गत आने वाली मिल्कीपुर विधान सभा के उप चुनाव में पटकनी देने के लिये रणनीति बना रही है। ताकि आम चुनाव में मिली हार के दर्द को कुछ कम किया जा सके। इसके लिये बीजेपी काफी सोच विचार के बाद यहां प्रत्याशी तय करने में लगी है। बता दें मिल्कीपुर विधान सभा क्षेत्र के विधायक अवधेश प्रसाद के सांसद चुने जाने के बाद उनकी यह सीट रिक्त हो गई है, जहां जल्द ही उप-चुनाव होने हैं। वैसे तो चुनाव लड़ने के लिए भाजपा के कई दावेदार सामने आ गए हैं, लेकिन अभी तक किसी का नाम फाइनल नहीं हो पाया है। दावेदारों में पूर्व विधायक से लेकर जिला पंचायत सदस्य और प्रधान तक शामिल हैं। पासी समाज से सबसे ज्यादा नाम सामने आए हैं। यदि सपा ने भी अपनी इस सीट को दोबारा हासिल करने के लिए पासी समाज से उम्मीदवार उतारा तो बीजेपी किसी अन्य जाति के प्रत्याशी पर विचार कर सकती है।

बता दें उत्तर प्रदेश में अगले कुछ महीनों में विधान सभा के लिये उप चुनाव होने वाले हैं। यह वह सीटें हैं जहां के विधायक सांसद बन चुके हैं। ऐसी 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए हलचल अभी से शुरू हो गई है। वहीं सूबे के जिन 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उसमें फैजाबाद (अयोध्या) लोकसभा की मिल्कीपुर विधानसभा भी शामिल है। फैजाबाद से लोकसभा चुनाव हारने के बाद यह सीट भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है। जानकारी के मुताबिक अयोध्या की हार से उबरने के लिए बीजेपी मिल्कीपुर की सीट के लिए अपना ट्रंपकार्ड खेलेगी। यहां से भाजपा प्रत्याशी का नाम चौंकाने वाला हो सकता है। बीजेपी यह सीट किसी भी कीमत पर जीतना चाहेगी है जिससे फैजाबाद में मिली हार को बैंलेस किया जा सक।

गौरतलब हो, अवधेश प्रसाद के फैजाबाद लोकसभा सीट से सांसद निर्वाचित होने के बाद यहां अब उप चुनाव होना तय है। अब निर्वाचन आयोग को उप चुनाव की घोषणा करनी है। इसी के साथ लोकसभा चुनाव में हार का सामना करने वाली भाजपा में इस सीट पर एक बार कब्जा जमाने के मकसद से हलचल शुरू हो गई है। पूर्व विधायक रहे बाबा गोरखनाथ अपनी उम्मीदवारी तय मानकर चल रहे हैं। यह अलग बात है कि पार्टी ने अभी कुछ फाइनल नहीं किया है। वैसे भी गोरखनाथ को वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के अवधेश प्रसाद ने 12,923 वोटों से पराजित किया था। इस लोकसभा चुनाव में गोरखनाथ लल्लू सिंह को इस सीट पर नहीं जिता सके। भाजपा को यहां पर 7,733 मतों से हार का सामना करना पड़ा था। गोरखनाथ वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में 28,076 वोटों से जीतकर पहली बार विधायक चुने गए थे। इस बीच गोरखनाथ के अलावा टिकट के दावेदारों के रूप में जो नाम सामने आए हैं, उनमें पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी, नीरज कनौजिया, आरएसएस की पृष्ठभूमि से जुड़े रहे जिला महामंत्री कांशीराम रावत, राधेश्याम त्यागी, चंद्रभानु पासवान, लक्ष्मी रावत और जिला पंचायत सदस्य बबलू पासी प्रमुख हैं। इसमें से कई पासी समाज से आते हैं। इस समाज से कई दावेदारों के चलते पार्टी के लिए एक नाम का चयन करना थोड़ा मुश्किल होगा। ऐसे में किसी अन्य बिरादरी से जुड़े चेहरे को भी आजमाया जा सकता है। फिलहाल संगठन ने सभी नामों पर विचार करते हुए दावेदारों की जीत और हार की संभावनाओं को खंगालना शुरू कर दिया है। प्रत्याशी के बारे में अंतिम फैसला स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लेगें ।बता दें 2022 के विधानसभा चुनाव में फैजाबाद लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली पांच में से चार विधानसभा सीटों दरियाबाद, रूदौली, अयोध्या और बीकापुर में भाजपा को जीत मिली थी। वहीं मिल्कीपुर सुरक्षित सीट से सपा के अवधेश प्रसाद जीते थे। यहां तीसरी बार उपचुनाव होगा। 1998 में यहां से सपा के मित्रसेन यादव विधायक थे, जो चुनाव जीतकर सांसद बने थे, 2004 में सपा विधायक आनंदसेन ने विधायकी से इस्तीफा देकर बसपा का दामन थाम लिया था. उपचुनाव में सपा के रामचंद्र यादव विधायक बने. यहां से अवधेश प्रसाद दूसरे ऐसे नेता होंगे जो मिल्कीपुर से लोकसभा जाएंगे। जातीय आकड़ां की बात करें तो यहां कुल वोटर करीब 3 लाख 40 हजार हैं, जिसमें 18 लाख 24 हजार पुरुष जबकि 15 लाख 83 हजार महिला मतदाता हैं.